हर फागण में श्याम धणी | by Raj Pareek

हर फागण में श्याम धणी हम पहुंचे खाटू धाम हो
हाथों में निशान हो सामने मेरा श्याम हो

छोटा सा परिवार है, सबको तुमसे प्यार है
पास हमारे जो कुछ है, तेरा ही उपकार है
जब तक जीवन, जपते रहें हम, बाबा तेरा नाम हो
हाथों में निशान हो सामने मेरा श्याम हो

जब जब फागण आता है तेरा बुलावा आता है
जिस पर कृपा हो तेरी वो ही खाटू जाता है
ना जाने कितनो पे किया है, मुझपे ये एहसान हो
हाथों में निशान हो सामने मेरा श्याम हो

प्यार तुम्हारा मिल जाए, ये ही खज़ाना काफी है
क्या देखें इस दुनिया को, खाटू वाला काफी है
बनवारी क्या कमी रहे जब बाबा मेहरबान हो
हाथों में निशान हो सामने मेरा श्याम हो

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b9%e0%a4%b0-%e0%a4%ab%e0%a4%be%e0%a4%97%e0%a4%a3-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%82-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%a7%e0%a4%a3%e0%a5%80-by-raj-pareek/